**दिनांक 03.02.2026 को प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में पश्चिमी कोशी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य योजना के समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

**बैठक में उपस्थित पदाधिकारी/संवेदक के प्रतिनिधिः—**

1. श्री अवधेश कुमार, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. श्री ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख, मुख्यालय, जल संसाधन विभाग, पटना।
3. श्री शम्स परवेज, मुख्य अभियंता, यांत्रिक, जल संसाधन विभाग, पटना।
4. श्री अनिल कुमार मंडल, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा।
5. श्री प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना।
6. श्री भुपेन्द्र प्रसाद, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, मधुबनी।
7. श्री शम्भू कुमार, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, झंझारपुर।
8. श्री बीरेन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, दरभंगा।
9. श्री नवीन कुमार, अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, जयनगर।
10. मो0 आसिक इकबाल, प्रधान सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, पटना।
11. श्री परशुराम यादव, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–4, पटना।
12. श्री कन्हैया कुमार, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा।
13. श्री अंगेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, झंझारपुर।
14. श्री आयत करीम, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, बेनीपट्टी।
15. श्री युवराज अमन, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, कुनौली।
16. श्री ब्रजेश कुमार निराला, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, मधुबनी।
17. श्री अमित कुमार, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, खुटौना।
18. श्री पियुष प्रकाश, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, खजौली।
19. श्री अशोक कुमार, कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, अंधराठाढ़ी।
20. श्री मृत्युंजय कुमार झा, कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यांत्रिक प्रमंडल, दरभंगा।
21. श्री सुमन बेदी, सहायक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना।
22. श्री **P.V.Krishna Reddy, MD, Megha Engineering & Infrastructure Ltd., Hyderabad.**

1. पश्चिमी कोशी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य के संक्षिप्त परिचय के साथ बैठक प्रारंभ किया गया।

पश्चिमी कोशी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य के विस्तृत योजना प्रतिवेदन, जिसकी प्राक्कलित राशि रूपये 8338.89 करोड़ (प्राइस लेवल जून 2025) है, को दिनांक 08.07.2025 को जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, जल शाक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली में सम्पन्न तकनीकी सलाहकार समिति की 159 वीं बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई।

उक्त योजना अन्तर्गत पश्चिमी कोशी मुख्य नहर के कि0मी0 0.00 से कि0मी0 35.13 (नेपाल भाग) तक एवं भारतीय भाग में आवश्यकतानुसार पश्चिमी कोशी मुख्य नहर एवं इसके वितरण प्रणालियों का लाईनिंग कार्य, क्रॉस ड्रैनेज संरचनाओं, गेट एवं क्षतिग्रस्त संरचनाओं का नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य एवं नये संरचनाओं का निर्माण कार्य, नहरों के बांध पर सेवा पथ का निर्माण कार्य, 58658 हे0 कृषि योग्य कमाण्ड क्षेत्र के सृजन हेतु उग्रनाथ शाखा नहर, विदेश्वरस्थान उपशाखा नहर एवं काकरघाटी शाखा नहर का विस्तारीकरण कार्य तथा उपवितरणी तक नहरों में स्काडा प्रणाली लगाने का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है।

विभागीय पत्रांक 1234 दिनांक 17.07.2025 द्वारा उक्त कार्य हेतु राशि रू0 7832.29 करोड़ की प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदत्त है। विभागीय पत्रांक 1273 दिनांक 22.07.2025 द्वारा उक्त योजना को दो भागो में विभक्त किया गया है :–

(क) भाग–(ए) निर्मित नहर प्रणाली पर कराये जाने वाले कार्य (रु0–3596.00 करोड़)

(ख) भाग–(बी) नहर विस्तारीकरण का कार्य (रु0–4237.00 करोड़) जिसमें भू–अर्जन सम्मिलित है।

पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य (पार्ट–ए) अन्तर्गत निर्मित नहर प्रणाली पर कराये जाने वाले कार्य अंतर्गत राशि रू0 3484.24 करोड़ का एकरारनामा कर कार्य संवेदक को आवंटित किया गया है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 27.09.2025 तथा कार्य पूर्ण करने की तिथि 26.09.2028 है। (पार्ट–बी) अंतर्गत 80 प्रतिशत भू–अर्जन की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत निविदा आमंत्रित करने की कार्रवाई किया जाना है। इस योजना के तहत मधुबनी एवं दरभंगा जिला में कृषि योग्य कमाण्ड क्षेत्र (सी0सी0ए0) 215672 हे0 तथा वार्षिक सिंचन क्षमता 291158 हे0 है। इस योजना को मार्च 2029 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

2. समीक्षा के क्रम में पाया गया की माइल स्टोन के अनुसार प्रावधानित भौतिक प्रगति 2.50 प्रतिशत के विरुद्ध कार्य की अद्यतन भौतिक प्रगति 0.30 प्रतिशत है। मुख्य अभियंता सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा बताया गया कि वर्तमान में स्थल पर आवश्यक 13 अदद Key Personnels के विरूद्ध 22 अदद Key Personnels उपलब्ध हैं। आवश्यक 220 अदद मानवबल एवं 357 अदद मशीनरी के विरूद्ध क्रमशः 183 अदद मानवबल एवं 133 अदद मशीनरी उपलब्ध है। संवेदक को पर्याप्त मात्रा में Man Power एवं Machinery Mobilize करते हुए तीव्र गति से कार्य करने हेतु निदेशित किया गया ताकि केंद्र सरकार से SASCI के तहत इस योजना हेतु प्राप्त सहायता राशि रू0 500.00 करोड़ इस वित्तीय वर्ष में खर्च किया जाना सुनिश्चित हो।
3. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा बताया गया कि कार्यस्थल पर प्राथमिकता के आधार पर कुल 9427 विद्युत पोल, जिसका स्थानांतरण किया जाना है, का संयुक्त निरीक्षण किया जा चुका है। विद्युत पोल के स्थानांतरण हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने निमित्त मुख्य अभियंता, दरभंगा को निदेशित किया गया है।
4. संवेदक द्वारा नहर की गाद सफाई से निकले मिटट्ी के निस्तारण में आ रही कठिनाई की जानकारी बैठक में दी गई। इस सबंध में नहर की गाद सफाई से निकली मिटट्ी किसानों के उपयोग हेतु उपलब्ध रहने के संबंध में नियमानुसार दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन देने के लिये मुख्य अभियंता, दरभंगा को निदेशित किया गया। संवेदक द्वारा यह भी बताया गया कि नहर तल में जल जमाव के कारण बाधा आ रही है। इस कम में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा को निदेश दिया गया कि नहर के तल में जमे पानी को निकालने हेतु Dewatering कार्य का समीक्षा कर इस बाधा को त्वरित गति से दूर किया जाय ताकि कार्य में अपेक्षित प्रगति लाकर SASCI में प्राप्त निधि का उपयोग किया जा सके।
5. संवेदक द्वारा कार्यस्थल पर अतिक्रमण की बात बताई गयी, जिसके आलोक में मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा को 2 दिनों के अन्दर अतिक्रमण करने वाले की सूची संबंधित जिला पदाधिकारी से मिलकर उनको उपलब्ध कराते हुए अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु

निदेशित किया गया। साथ ही इसकी सूची मुख्यालय को भी उपलब्ध कराया जाय। इस क्रम में दूरभाष पर जिलाधिकारी, मधुबनी से वार्ता कर उनको वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। दूरभाष पर जिलाधिकारी, मधुबनी द्वारा इस समस्या का निराकरण 15 दिनों में करा देने का आश्वासन दिया गया।

6. योजना अंतर्गत निर्माण किये जाने वाले नये संरचनाओं एवं वैसे संरचनाओं जिसका पुनर्स्थापन किया जाना है कि सूची संवेदक को अविलम्ब उपलब्ध कराने के साथ ही नये संरचनाओं के निर्माण हेतु क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा किए गए Layout एवं पुनर्स्थापन किये जाने वाले संरचनाओं के Components को चिन्हित कर रजिस्टर में संधारण करने हेतु अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन द्वारा मुख्य अभियंता, दरभंगा को निदेशित किया गया। निर्माण किये जाने वाले नये संरचनाओं का अनुमोदित Design एवं Drawing एक माह के अन्दर संवेदक को उपलब्ध कराने हेतु मुख्य अभियंता, दरभंगा को निदेशित किया गया।
7. मुख्य अभियंता, दरभंगा द्वारा बताया गया की पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य (पार्ट–ए) योजना में संलग्न संरचना के निर्माण हेतु Design एवं Drawing कार्य हेतु परिक्षेत्राधीन रूपांकण, आयोजन एवं मोनिटरिंग अंचल, दरभंगा में कोई भी सहायक अभियंता/कार्यपालक अभियंता पदस्थापित नहीं हैं जिससे Design एवं Drawing करने में कठिनाई हो रही है। यह एक महत्वपूर्ण योजना है एवं इसका कार्यान्वयन ससमय किया जाना आवश्यक है। मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा को निदेशित किया गया कि जबतक इन रिक्त पदों पर पदस्थापन नहीं किया जाता है, तबतक उनके द्वारा Design एवं Drawing तैयार कर केन्द्रीय रुपांकण शोध एवं गुण नियंत्रण, जल संसाधन विभाग, पटना को उपलब्ध कराया जाय एवं केन्द्रीय रुपांकण शोध एवं गुण नियंत्रण, जल संसाधन विभाग, पटना द्वारा Design एवं Drawing का भेंटिंग का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
8. वृक्ष पातन हेतु आवश्यक सर्वेक्षण ~~कराकर~~ तथा तदनुसार अग्रेतर कार्रवाई कर यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि आगे उक्त परियोजना में वृक्ष पातन की समस्या नहीं आये।
9. संवेदक का निदेशित किया गया कि हर हाल में वर्क प्रोग्राम/माईल स्टोन एवं मुख्य अभियंता से प्राप्त निदेश के आलोक में कार्य में वांछित प्रगति लाये, जिसकी समीक्षा कर मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा विभाग को वस्तुस्थिति प्रतिवेदित करेगें ताकि संवेदक द्वारा कार्य में लाये गये प्रगति/वस्तुस्थिति से विभाग अवगत हो सके।

**(कार्रवाई–मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा/अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, जयनगर/झंझारपुर/मधुबनी/दरभंगा तथा कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा/झंझारपुर/ मधुबनी/राजनगर/बेनीपट्टी/खजौली/अंधराठाढ़ी/खुटौना/सकरी/कुनौली/केवटी)**

5/2

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव

ज्ञापांकः–(मो0) 2 दरभंगा–81/2025– 280 /पटना, दिनांक : 06-02-2026

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

5/2

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव

Meeting Karwahi(N)

ज्ञापांकः—(मो0) 2 दरभंगा—81/2025— 305 /पटना, दिनांक : 10-02-2026

प्रतिलिपिः— जिलाधिकारी, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः—(मो0)2 दरभंगा—81/2025— 305 /पटना, दिनांक : 10-02-2026

प्रतिलिपिः— प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः—(मो0)2 दरभंगा—81/2025— 305 /पटना, दिनांक : 10-02-2026

प्रतिलिपिः— अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल—1, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः—(मो0)2 दरभंगा—81/2025— 305 /पटना, दिनांक : 10-02-2026

प्रतिलिपिः— अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, पटना/मुख्य अभियंता, यांत्रिक, जल संसाधन विभाग, पटना/मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रुपांकण शोध एवं गुण नियंत्रण, पटना, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः—(मो0)2 दरभंगा—81/2025— 305 /पटना, दिनांक : 10-02-2026

प्रतिलिपिः— मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा/अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, जयनगर/झंझारपुर/मधुबनी/दरभंगा तथा कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, दरभंगा/झंझारपुर/मधुबनी/राजनगर/बेनीपट्टी/खजौली/अंधराठाढ़ी/खुटौना/सकरी/कुनौली/केवटी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा अपने स्तर से संबंधित संवेदक को बैठक की कार्यवाही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः—(मो0)2 दरभंगा—81/2025— 305 /पटना, दिनांक : 10-02-2026

प्रतिलिपिः— कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई तथा विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन